आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
रविवार 30.11.2025   समय 1830

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में उत्तराखंड के शीतकालीन पर्यटन का जिक्र किया। कहा– औली, मुनस्यारी, चोपता और दयारा जैसे स्थान लोकप्रिय हो रहे हैं।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा– विंटर टूरिज्म, साहसिक खेलों और तेजी से बढ़ती पर्यटन संभावनाओं का मन की बात में उल्लेख करने से राज्य को नई दिशा मिलेगी।
- उत्तरकाशी में स्थित गंगोत्री नेशनल पार्क और गर्तांगली के गेट शीतकाल के लिए बंद कर दिए गए हैं।
- और, हरिद्वार में 2027 में आयोजित होने वाले अर्धकुंभ महापर्व को बेहतर बनाने के लिए मेला प्रशासन तैयारी में जुट गया है।

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि भारत में शीतकालीन पर्यटन की अपार संभावानाएं हैं। आज आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में श्री मोदी ने यह बात कहीं। प्रधानमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड में शीतकालीन पर्यटन लोगों को आकर्षित कर रहा है और औली, मुनस्यारी, चोपता तथा दयारा जैसे स्थान लोकप्रिय हो रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने बताया कि कुछ सप्ताह बाद उत्तराखंड में शीतकालीन खेलों का आयोजन होने वाला है। प्रधानमंत्री ने कृषि क्षेत्र का जिक्र करते हुए बताया कि देश ने 35 करोड़ 7 लाख टन अनाज उत्पादन कर ऐतिहासिक रिकॉर्ड बनाया है और पिछले दस वर्षों में अनाज उत्पादन में 10 करोड़ टन की वृद्धि हुई है।

श्री मोदी ने लोगों से वोकल फॉर लोकल के मंत्र को अपनाने का आग्रह किया।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज 'मन की बात' में उत्तराखंड के प्रति अपना विशेष स्नेह दिखाया है। उनके राज्य के विंटर टूरिज्म, साहसिक खेलों, वेडिंग डेस्टिनेशन और तेजी से बढ़ती पर्यटन संभावनाओं का उल्लेख करने से राज्य को नई दिशा मिलेगी।

मुख्यमंत्री ने एक बयान जारी कहा कि उत्तराखंड की बढ़ती लोकप्रियता से लेकर आदि कैलाश अल्ट्रा मैराथन और आगामी विंटर गेम्स के साथ ही वेडिंग डेस्टिनेशन के रूप में देवभूमि की उभरती पहचान को लेकर प्रधानमंत्री के विचार प्रदेश के पर्यटन क्षेत्र को नई दिशा देते हैं। श्री धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने आदि कैलाश में 3 साल पहले तक 2 हजार पर्यटकों से बढ़कर अब 30 हजार होने का उल्लेख किया है।

गंगोत्री नेशनल पार्क

उत्तरकाशी में स्थित गंगोत्री नेशनल पार्क और गर्तांगली के गेट शीतकाल के लिए बंद कर दिए गए। इस बार पार्क में सैलानियों की संख्या के साथ कमाई का भी नया रिकॉर्ड बना। पार्क को प्रवेश शुल्क के रूप में 80 लाख 96 हजार से अधिक का राजस्व प्राप्त हुआ है। गंगोत्री नेशनल पार्क के कनखू बैरियर, भैरवघाटी नेलांग बैरियर और गर्तांगली को जाने वाले लंका पुल बैरियर पर आज कई कार्यक्रम आयोजित हुए। इसके बाद तीनों गेट बंद कर दिए गए। इस बार पार्क के साथ गर्तांगली की सैर को भी बड़ी संख्या में सैलानी पहुंचे। गंगोत्री नेशनल पार्क उप निदेशक हरीश नेगी ने कहा कि इस बार पार्क प्रशासन की अच्छी खासी आमदनी भी हुई है। नेगी ने बताया सैलानियों के लिए पार्क के गेट अब 1 अप्रैल 2026 को खोले जाएंगे। गंगोत्री नेशनल पार्क,उत्तरकाशी रेंज अधिकारी प्रदीप बिष्ट ने कहा कि इस सीजन में बड़ी संख्या में सैलानी गंगोत्री नेशनल पार्क के पर्यटन स्थलों की सैर करने पहुंचे हैं।

हरिद्वार

हरिद्वार में 2027 में आयोजित होने वाले अर्धकुंभ महापर्व को बेहतर बनाने के लिए मेला प्रशासन तैयारी में जुट गया है। हरिद्वार सहित पूरे कुंभ मेला क्षेत्र को विभिन्न रंगों से सजाने के लिए मेला प्रशासन ने पेंट माई सिटी अभियान चलाने का निर्णय लिया है। अपर मेला अधिकारी दयानंद सरस्वती का कहना है कि पेंट माई सिटी अभियान में स्कूली बच्चों, सामाजिक संस्थाओं व अन्य लोगों का योगदान लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि गंगा के किनारे बने भवनों को एकरूपता लाने के लिए भगवा और पीले रंग से सजाया जाएगा। इसके अलावा राष्ट्रीय राजमार्ग तथा शहर के मुख्य मार्गो को भी आकर्षक रंगों से सजाया जाएगा। साथ ही शहर के सभी चौराहों का सौंदर्यकरण भी किया जाएगा।

भालुओं के हमले

उत्तरकाशी के जिलाधकारी प्रशांत आर्य ने जिले में लगातार बढ़ रहे भालुओं के हमलों को लेकर वन विभाग को प्रभावित क्षेत्रों में अतिरिक्त कर्मचारी तैनात करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही मानव वन्यजीव संघर्ष को रोकने के लिए जनजागरुकता, आपदा प्रबंधन और पर्यावरणीय सतर्कता को जन भागीदारी से जोड़कर सामूहिक प्रयास करने पर जोर दिया।

जिलाधिकारी ने वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं पर ग्राम स्तर पर स्वयंसेवक समूह का गठन करने और घटना के बारे में वन विभाग एवं प्रशासन को तुरंत सूचना उपलब्ध कराने को कहा। उधर पौड़ी गढ़वाल जिले के विभिन्न क्षेत्रों में भालू की सक्रियता को देखते हुए वन विभाग की ओर से जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। डीएफओ गढ़वाल अभिमन्यु सिंह ने कहा कि यदि किसी क्षेत्र में वन्यजीवों की गतिविधि दिखाई दे तो तत्काल टोल फ्री नंबर 1926 पर सूचना दें।

पिथौरागढ़

समुद्रतल से करीब 14 हजार फीट की ऊँचाई पर स्थित पिथौरागढ़ के पंचाचूली बेस कैंप को भारतीय वायुसेना के जवान बाइक से नापने निकले हैं। सौ सदस्यों का यह दल 27 नवंबर को दिल्ली से रवाना हुआ था जो अब पिथौरागढ़ जिले में प्रवेश कर गया है। छह दिनों में वायुसेना के ये वीर 1300 किलोमीटर की कठिन यात्रा पूरी करेंगे। रास्ते भर ये जवान युवाओं को इंडियन आर्मी और एयरफोर्स के कार्यों से रूबरू करा रहे है, साथ ही ऑपरेशन सिंदूर के महत्व के बारे में भी लोगों को जानकारी दे रहे है।

संसद

संसद के शीतकालीन सत्र से पहले आज नई दिल्ली में सर्वदलीय बैठक हुई। सरकार द्वारा बुलाई गई बैठक की अध्यक्षता केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने की। राज्यसभा में सदन के नेता जे पी नड्डा, संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू, संसदीय कार्य राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, कांग्रेस नेता गौरव गोगोई, डीएमके नेता तिरूचि शिवा, तृणमूल कांग्रेस नेता डेरेक ओ ब्रायन, शिवसेना नेता नरेश महास्के सहित कई अन्य नेता बैठक में शामिल हुए। बैठक के बाद श्री रिजिजू ने कहा सरकार ने सदन में सभी राजनीतिक दलों के नेताओं से दोनों सदनों के सुगम कामकाज में सहयोग की अपील की।

मुख्य समाचार एक बार फिर–

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में उत्तराखंड के शीतकालीन पर्यटन का जिक्र किया। कहा– औली, मुनस्यारी, चोपता और दयारा जैसे स्थान लोकप्रिय हो रहे हैं।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा– विंटर टूरिज्म, साहसिक खेलों और तेजी से बढ़ती पर्यटन संभावनाओं का मन की बात में उल्लेख करने से राज्य को नई दिशा मिलेगी।
- उत्तरकाशी में स्थित गंगोत्री नेशनल पार्क और गर्तांगली के गेट शीतकाल के लिए बंद कर दिए गए हैं।
- और, हरिद्वार में 2027 में आयोजित होने वाले अर्धकुंभ महापर्व को बेहतर बनाने के लिए मेला प्रशासन तैयारी में जुट गया है।